# तुम रूठ गए जो मुझसे क्या हाल हमारा होगा

तुम रूठ गए जो मुझसे,
क्या हाल हमारा होगा,
मेरे श्याम बिछड़कर तुमसे,
एक पल ना गुज़ारा होगा।bd।

---

मेरे सपनो की दुनिया तो,
तेरे दम से रौशन होती,
मेरे घर आँगन में तेरी,
किरपा की जलती ज्योति,
मैं रोज़ दिवाली मनाऊं,
जो तेरा सहारा होगा,
मेरे श्याम बिछड़कर तुमसे,
एक पल ना गुज़ारा होगा।bd।

---

मैंने सांसों की माला में,
तेरे नाम के मोती पिरोये,
तेरे रहमो करम पे नैना,
जाने कितनी बार भिगोये,
गुज़रेगा हंस कर जीवन,
जो साथ तुम्हारा होगा,
मेरे श्याम बिछड़कर तुमसे,
एक पल ना गुज़ारा होगा।bd।

---

पिछले जन्मो के मेरे,
सत्कर्मो का ये फल है,
मेरे दामन में खुशियों की,
अब होने लगी हलचल है,
तू 'चोखानी' से रूठे,
हरगिज़ ना गवारा होगा,
मेरे श्याम बिछड़कर तुमसे,
एक पल ना गुज़ारा होगा।bd।

---

तुम रूठ गए जो मुझसे,
क्या हाल हमारा होगा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com